भारत-पाक सीमा का दौरा कर बार्डर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एम.एल. गर्ग ने सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन के साथ संवाद स्थापित किया और उन्हें सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ रही पीआईओ (पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव) गतिविधियों, ड्रोन की आवाजाही और हनी ट्रैप जैसी गंभीर घटनाओं से सचेत रहने के निर्देश दिए।

गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना त्वरित रूप से बीएसएफ को देने में आमजन की भूमिका महत्वपूर्ण है। एम. एल. गर्ग ने सांचू बॉर्डर पर स्थित एक स्मृति भंडार का उद्घाटन किया। इस स्मृति भंडार का उद्देश्य है कि सीमा क्षेत्र में आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग यहां पर जुड़े स्मृति चिन्हों और अन्य वस्त्रों की खरीदारी कर सकें। आई.जी. गर्ग ने बताया कि इससे न केवल सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि आमजन और सैनिकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होगा।

आई.जी. गर्ग ने सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों से संवाद करते हुए उन्हें समझाया कि किस प्रकार पीआईओ जैसे तत्व लोगों को बहकाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन गतिविधियों में अचानक वृद्धि हुई है और इन्हें सीमा पार से भारत में अवैध सामग्री भेजने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों का सचेत और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों को यह भी समझाया कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत बीएसएफ के नजदीकी कैम्प या पुलिस को सूचना दें।

राजस्थान फ्रंटियर आई.जी. एम.एल. गर्ग ने भारत-पाक सीमा का दौरा कर जनसंवाद में ग्रामीणों से मुलाकात की।

- राजस्थान फ्रंटियर आई.जी. गर्ग ने जन संवाद में सीमावर्ती इलाकों में लोगों को सचेत रहने की सलाह दी
- उन्होंने कहा कि ड्रोन गतिविधियों में अचानक वृद्धि हुई है और इन्हें सीमा पार से भारत में अवैध सामग्री भेजने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है

आई.जी. गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों के लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की ताकि राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरे में 124 बटालियन के कमांडेंट संजय तिवारी, कुंवर सिंह उप कमांडेंट और अन्य उच्चाधिकारी भी शामिल थे।

गर्ग ने बीएसएफ के जवानों के साथ बातचीत कर सीमा सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बीएसएफ की मौजूदा सुरक्षा रणनीति की समीक्षा की और उनमें सुधार के संभावित उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने आमजन से यह अपील भी की है कि वे सीमावर्ती इलाकों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें और ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग में देरी न करें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने युवाओं को साइबर हनी ट्रैप के खतरों से भी अवगत कराया और उन्हें किसी भी अनजान संपर्क से सतर्क रहने की सलाह दी।

हाल के दिनों में सीमा पार से ड्रोन के जरिए अवैध हथियारों, मादक पदार्थों और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की तस्करी की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। इस पर आई.जी. गर्ग ने कहा कि बीएसएफ ने ड्रोन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का सहारा लिया है। उन्होंने बीएसएफ के जवानों को ऐसे किसी भी ड्रोन का तुरंत पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ड्रोन रोधी तकनीक को और अधिक सशक्त किया जा रहा है ताकि सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि उन्हें ड्रोन जैसी कोई गतिविधि दिखाई देती है तो वे तत्काल इसकी सूचना सुरक्षा बलों को दें। बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए गर्ग ने कहा कि सीमा की सुरक्षा में आमजन की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग सतर्क रहेंगे तो सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों और आमजन के बीच समन्वय से सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं पर अधिक प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सकता है।

ओझा, बिन्नाणी व प्रमिला को टैस्सीटोरी प्रज्ञा-सम्मान

बीकानेर,(कासं)। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के लिए समर्पित प्रवासी राजस्थानी सुशील ओझा, संजय बिन्नाणी एवं प्रमिला शाह को टैस्सीटोरी प्रज्ञा-सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

महान इटालियन विद्वान डॉ. लुईजि पिओ टैस्सीटोरी की स्मृति में प्रज्ञालय संस्थान एवं श्रीमती कमला देवी-लक्ष्मीनारायण रंगा ट्रस्ट द्वारा टैस्सीटोरी प्रज्ञा-सम्मान अर्पित किया जाता है। राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं आयोजक संस्था के कमल रंगा ने बताया कि सांस्कृतिक धरा बंगाल से राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के लिए प्रतिभाओं का चयन, कलकता में संस्था के संयोजक हिंगलाजदान रतनू एवं सह संयोजक समाजसेवी राजकुमार व्यास द्वारा प्रतिभाओं का चयन किया जाता है।

रंगा ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए प्रवासी राजस्थानी प्रतिभाओं में भाषा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम करने वाले राजस्थानी मान्यता के समर्थक एवं देश के प्रतिष्ठित समाजसेवी विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील ओझा को डॉ. टैस्सीटोरी भाषा प्रज्ञा-सम्मान अर्पित होगा। साहित्य के क्षेत्र में कई दशकों से साहित्य संपादन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में समर्पित व्यक्तित्व संजय बिन्नाणी को साहित्य के क्षेत्र में डॉ. टैस्सीटोरी साहित्य प्रज्ञा-सम्मान से नवाजा जायेगा। संस्कृति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य एवं सेवाएं देने वाली प्रवासी महिला प्रमिला शाह को डॉ. टैस्सीटोरी संस्कृति प्रज्ञा-सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

सार-समाचार

फायरिंग का अभ्यास किया



महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में शूटिंग रेंज में एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग का अभ्यास किया।

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में नवनिर्मित मेजर किशन सिंह फायरिंग रेंज में एनसीसी कैडेट्स द्वारा 7 राज बटालियन के अधिकारियों की देखरेख में 0.2 एमएम गन से शूटिंग का अभ्यास हुआ। इस पूरे संभाग के सरकारी विश्वविद्यालय में एकमात्र शूटिंग रेंज में लगभग 400 कैडेट्स ने शूटिंग का अभ्यास किया। कमांडिंग ऑफिसर करनल नारायण सिंह ने बताया कि संभाग के कैडेट्स इस शूटिंग रेंज को पाकर बहुत अभिभूत हुए। क्योंकि हमारे पास इसकी कमी थी और महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित के प्रयासों से बनी इस शूटिंग रेंज में सभी कैडेट्स के लिए फायरिंग में दक्षता हासिल करने हेतु आदर्श स्थान है। हाल ही में इस शूटिंग रेंज का लोकार्पण किया गया था। पहली बार यहां पर कॉलेज और स्कूल लेवल की एनसीसी कैडेट्स जिसमें 100 छात्राएं एवं 301 छात्र है ने शूटिंग का कड़ा अभ्यास किया। कर्नल एम. एस. निज्जर, सूबेदार मेजर भंवर सिंह एवं अन्य एनसीसी अधिकारियों एवं 7 राज बटालियन के एएनओ एवं अधिकारियों की उपस्थिति में यह फायरिंग की गई। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में 8 से 17 नवम्बर तक एनसीसी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे संभाग से लगभग 401 कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के एनसीसी कोऑर्डिनेटर डॉ प्रभुदान चारण ने बताया कि कैडेट्स ने अपने नियमित अभ्यास, कक्षाओं, खेलकूद पीटी परेड एवं अन्य क्रियाकलापों के अलावा श्रमदान कर विश्वविद्यालय के विभिन्न पार्कों एवं सड़कों की साफ-सफाई में भी अहम योगदान दिया। कैम्प का समापन 17 नवम्बर को होगा।

विमंदितों के साथ बाल दिवस मनाया

सेवा आश्रम में विमंदित बालक-बालिकाओं के साथ केक काटकर बाल दिवस मनाया।

बीकानेर, (कासं)। सखी संस्कार म्यूजिक एवं महिला सुरक्षा ग्रुप - विमंदित बालक बालिकाओं के साथ सेवाश्रम में बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने केक भी काटा। ग्रुप की संस्थापक संध्या द्विवेदी के अनुसार ऐसे बच्चों के साथ यह दिवस मनाकर एक अलग ही आनंद की अनुभूति हुई। ग्रुप की अध्यक्ष डॉक्टर दीप्ति श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे बच्चों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और उन्हें एक अलग तरह से जीवन यापन करना पड़ता है। ऐसे अवसरों पर हम उन्हें कुछ खुशी के अवसर प्रदान करते हैं तो एक अलग ही उल्लास का वातावरण बन जाता है और उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर ग्रुप की सदस्य अंजलि मित्तल, ज्योति गौड, मैना निर्वाण, समता, सीमा, प्रिया आदि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ग्रुप की सदस्यों द्वारा झोंपड़ पट्टी के बच्चों को भी मिठाई व फल वितरित किए गए।

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

रायसिंहनगर, (कासं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 2 अनिल शर्मा की अदालत ने हत्या के एक मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और अलग-अलग धाराओं में कुल 65 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया है। आरोपी पहले से ही न्यायिक अभिरक्षा में है। मामले में मृतक आश्रित परिजन के असहाय हो जाने पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए आश्रितों के सुलभ जीवन यापन के लिए पीड़ित प्रतिकर योजना में उचित प्रतिकर दिलाए जाने की अनुशंसा की है। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक वेदप्रकाश ठंडी ने बताया कि 29 नवम्बर 2020 को गांव 10 जीबी में आरोपी विरेन्द्र कुमार पुत्र कृष्णलाल कुम्हार ने गांव के ही संजय कुमार पुत्र सुरजाराम बिश्नोई की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के समय संजय कुमार अपने पुत्र मोहित के साथ कृष्णलाल मेघवाल के खेत से हरा चारा लेकर आ रहा था। पीछे चल रहे विरेन्द्र कुमार ने संजय के गोली मार दी। इस संबंध में प्रमोद कुमार पुत्र रुपाराम बिश्नोई ने पुलिस थाना जैतसर में मामला दर्ज करवाया था। हत्या का कारण करीब 8-9 माह पूर्व संजय की आरोपी विरेन्द्र के पिता से कहा सुनी होना बताया गया। जैतसर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और आरोपी के विरूद्ध 1 मार्च 2021 को अपराध अन्तर्गत धारा 302 भारतीय दंड संहिता व धारा 3/25, 27 आयुद्ध अधिनियम में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीविजयनगर के समक्ष चालान प्रस्तुत किया। प्रकरण में जिला सेशन न्यायाधीश श्रीगंगानगर के आदेशानुसार अंतरित होकर अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या में 2 में सेशन रजिस्टर कर सुनवाई की गई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया। धारा 302 में दोषी विरेन्द्र कुमार को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

रास्ते में पशु आने से बस की टक्कर से मां-बेटे की मौत

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर से देशनोक के बीच सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों को राहगीरों ने उठाकर पीबीएम अस्पताल पहुंचाया जहां पहले मां ने और बाद में बेटे ने दम तोड़ दिया। दोनों के शव अब मोर्चरी में रखे गए हैं, जहां गंगाशहर पुलिस की निगरानी में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। हादसे में दो साल का बच्चा घायल हो गया।

गंगाशहर थाना प्रभारी समरवीर ने बताया कि सुबह एक्सीडेंट हुआ है। बीकानेर से देशनोक के लिए लिक्षमा और गणेश बाइक पर रवाना हुए थे। दोनों मां-बेटे हैं। रास्ते में किसी पशु के सामने वहां चल रही एक बस अनियंत्रित हो गई। बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन जने सड़क पर गिर गए। स्पीड के कारण सड़क पर काफी गंभीर चोट लगी। इससे दोनों के सिर में चोट आई। राहगीरों ने दोनों को पीबीएम अस्पताल पहुंचाया लेकिन यहां पहुंचने तक मां लिक्षमा (45) की मृत्यु हो चुकी थी। जबकि बेटे गणेश (25) ने बाद में दम तोड़ दिया। बाइक पर गणेश का दो साल का बेटा भी था, जो बाल-बाल बच गया। दोनों के शव बाद में मोर्चरी में रखवाए गए हैं। गंगाशहर थाने के हैड कांस्टेबल लेखराम मौके पर हैं ओर पोस्टमार्टम करवा रहे हैं। बाइक को मौके से हटाकर किनारे किया गया है।

- बीकानेर से देशनोक के लिए मां-बेटा बाइक पर रवाना हुए थे, रास्ते में हुआ हादसा

बीकानेर से देशनोक के बीच जगह-जगह पशु सड़क पर रहते हैं। कई बार आसपास की सड़कों से भी पशु दौड़कर आते हैं। जिससे सड़क हादसे होते हैं। कई बार ऑटो भी पशुओं के कारण पलट जाते हैं।

हेरोइन सहित गिरफ्तार : श्रीगंगानगर शहर के खालसा नगर में एक युवक को 3.17 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। युवक हनुमानगढ़ जिले के पचारवाली का रहने वाला है। पुलिस ने यह कार्रवाई देर शाम की। युवक यह हेरोइन कहां से लेकर आया और श्रीगंगागनर में इसे लाने के पीछे उसका क्या इरादा था।

युवक को थाने लाकर उससे पूछताछ शुरू की गई है। कोतवाली थाने के एसआई रामेश्वर लाल को शहर के खालसा नगर में एक युवक के पास हेरोइन होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने उसके हुलिए के आधार पर उसकी तलाश शुरू की। बताए गए हुलिए वाला व्यक्ति नजर आने पर उसे रोका तो वह घबरा गया।

समीक्षा बैठक 20 को

बीकानेर,(कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की अध्यक्षता में 20 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त शैलेन्द्र देवड़ा ने बताया कि बैठक में बजट घोषणाओं और उनकी प्रगति, भूमि आवंटन प्रकरणों की प्रगति समीक्षा की जाएगी। वहीं शिलान्यास एवं लोकार्पण की समीक्षा होगी। बैठक में पेयजल आपूर्ति, लीकेज, जल शोधन, पेयजल कनेक्शन, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, बकाया विद्युत कनेक्शन, खराब ट्रांसफार्मर समीक्षा, पीएम सूर्य घर योजना, मौसमी बीमारियों, निशुल्क दवा योजना, अवैध खनन की रोकथाम, अमृत 2.0, खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति, रोजगार मेलों सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को 18 नवम्बर को प्रात: 11 बजे तक सभी बिन्दुओं से संबंधित प्रगति सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

नोखा, (कासं)। रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। आमने-सामने की टक्कर के बाद युवक उछलकर सड़क पर गिरे। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

टक्कर मारने के बाद बस को छोड़कर ड्राइवर भाग गया। हादसा बीकानेर के नोखा गांव में गुरूवार दोपहर करीब 3.30 बजे की है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवे को जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर यातायात को सुचारू किया। वहीं नोखा के ही हिम्मटसर गांव में कार की टक्कर से किसान की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

कार्यवाहक थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि हादसे में राधेश्याम पुत्र रामजस बिश्नोई घट्टू निवासी हाल निवासी मोहनपुरा और श्रवण पुत्र हेतराम विश्नोई निवासी घट्टू हाल की मौत हुई हैं। दोनों ट्रक ड्राइवर थे। शवों को जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। दोनों ट्रक ड्राइवर बाइक से बुधरा की ढाणी से नोखा की तरफ आ रहे थे। नोखा गांव के पास हाईवे- 62 पर सामने से आ रही रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

- नोखा गांव के पास हाईवे- 62 पर सामने से आ रही रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी

हादसे के बाद राहगीरों और आस-पास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि हाईवे पर यातायात व्यवस्था ठीक नहीं है।

झोंपड़े में आग लगने से जिंदा जली बकरियां

बीकानेर,(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में स्थित एक घर के पीछे बने झोंपड़े में आग लग गई। झोंपड़े में रहने वाली एक बकरी और दो मेमनों की झुलसने से मौत हो गई। आग में काफी सामान भी जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

श्रीडूंगरगढ़ के वार्ड संख्या 6 में एक घर के पीछे बने झोंपड़े में गुरूवार को अचानक आग लग गई। घर के पीछे से पहले धुआं दिखाई दिया और बाद में आग की लपटें नजर आई। घर वालों को पता चलने पर लोग दौड़कर पहुंचे। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग लगने से एक बकरी दो मेमनों के साथ जिंदा जलकर राख हो गई। वार्ड 6 में अकरम तेली के घर के पीछे उसके बाड़े में बने झोंपड़े में उसकी बकरियां रहती थी। यहां गुरूवार दोपहर आग लग गई। नगर पालिका की दमकल भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग काबू में होती उससे पहले झोंपड़ा सहित एक बकरी व उसके दो नन्हें मेमने आग में जलकर काल का ग्रास बन गए।

- आग से झुलसने से एक बकरी और दो मेमनों की मौत हो गई

मकान मालिक व मोहल्लेवासियों ने किसी अज्ञात पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप भी लगाया है। इस संबंध में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

कार की टक्कर से युवक की मौत

नोखा, (कासं)। एक कार चालक द्वारा राह चलते युवक को टक्कर मारने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार उपखंड के हिम्मटसर गांव रामदेवरा फांटा के पास अपने खेत से हिम्मटसर निवासी मनोज तिवाड़ी (50) पैदल चलकर आ रहा था। इस दौरान एक कार चालक ने उनको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल अवस्था में की बागड़ी रेफरल अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची व मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। गुरूवार को पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था।

डी.ए.पी. की कालाबाजारी पर लगाम लगाने की मांग

हनुमानगढ़, (कासं)। डीएपी की कालाबाजारी के विरोध में जिला मुख्यालय के आसपास के गांवों के किसानों ने गुरूवार को कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के बैनर तले संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कार्यालय परिसर में धरना दिया। साथ ही विभाग के अधिकारियों से बातचीत की।

माकपा के ओम स्वामी ने कहा कि पिछले कई दिनों से कृषि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से डीएपी की कालाबाजारी का खेल चल रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे। वर्तमान में गेहूं बिजाई का समय है लेकिन किसान को जरूरत अनुसार डीएपी नहीं मिल रही। उन्होंने बताया कि गत दिनों किसानों ने गांव मक्कासर में डीएपी से भरा ट्रक रूकवाया। विभाग को किसानों के आक्रोश को देखते हुए ट्रक में भरी डीएपी गांव में ही किसानों को बंटवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर की ओर से प्रत्येक किसान को डीएपी के दो कट्टे उपलब्ध करवाने संबंधी आदेश निंदनीय है। कोई किसान अगर दो कट्टे डीएपी के लिए पूरा दिन लाइन में लगेगा तो वह अपना खेत कब संभालेगा। इस समय खेत में बुवाई का समय है, लेकिन वह किसान खेत की बजाए मंडी में डीएपी प्राप्त करने के लिए पूरा-पूरा दिन लगा रहा है। फिर भी उसे पर्याप्त मात्रा में डीएपी नहीं मिल रहा है।

- किसानों ने संयुक्त उप निदेशक कार्यालय पर धरना दिया
- पर्याप्त डी.ए.पी. नहीं मिलने से रोष

उन्होंने मांग की कि डीएपी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसानों को दो कट्टे की जगह अधिक मात्रा में डीएपी उपलब्ध करवाई जाए। डीएपी का वितरण सही तरीके से हो। इस मौके पर सरपंच बलदेव सिंह, गुरदेव सिंह ज्याणी, अनिश, रामप्रताप, मांगीलाल, मनोहर, महावीर, रजत आदि मौजूद थे।

आमजन व शुगर रोगी रोज आधा घंटा पैदल चलने को आदत बनाएं : डॉ. गुंजन सोनी

बीकानेर,(कासं)। विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध डायबिटिक रिसर्च एण्ड केयर सेंटर में गुरूवार को डीसीआरसी प्रभारी एवं मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र वर्मा की अगुआई में विश्व डायबिटीज दिवस मनाया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने कहा कि पीबीएम के डॉक्टर्स मधुमेह रोग का उपचार विश्व स्तरीय दक्षता के साथ करने में सक्षम है। आम नागरिकों को भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए कम से कम प्रति दिन आधा घंटा पैदल जरूर घूमना चाहिए। डॉ. वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि मरीजों को स्वयं जागरूक होकर शुगर मॉनिटरिंग करनी चाहिए। आवश्यक होने पर डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. परमेन्द्र सिरोही ने कहा कि शुगर मरीजों को डॉक्टर्स की सलाह अनुसार खान पान एवं दवाई इत्यादि का ध्यान रखना चाहिए। एण्ड्रोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. हरदेव नेहरा ने डायबिटीज के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम की जानकारी दी।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने डायबिटीज रिसर्च एंड केयर सेंटर में विश्व डायबिटीज दिवस पर प्रतियोगिता के विजेता चिकित्सकों को पुरस्कार से नवाजा।

- शुगर मरीजों को डॉक्टर्स की सलाह के अनुसार खान पान एवं दवाई आदि का ध्यान रखना चाहिए

कार्यक्रम के अतिथि पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी ने बताया कि डायबिटीज रिसर्च एंड केयर सेंटर में शुगर मरीजों के लिए अलग से परामर्श एवं जांच सेवा निंरतर दी जा रही है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मनोज माली ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डीसीआरसी के चारों पैदल चलकर एक राउंड निकाला। पीजी स्टूडेंट्स के लिए डायबिटीज पीजी क्विज का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. तृप्ती झा प्रथम, डॉ. पीयूष शर्मा द्वितीय तथा डॉ. प्रियम अजमेरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर आज होंगे कई कार्यक्रम

बीकानेर, (कासं)। बिरसा मुंडा के 150 वें जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष में जनजातीय गौरव दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे। इस दौरान धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प पूरा करने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्मदिन पर उनके योगदान तथा उनके किए गए कार्यों का स्मरण किया जायेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि 15 नवम्बर तक की अवधि में समय-समय पर आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के स्मरण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक अवसरंचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के महत्वपूर्ण सुधार करना है। योजना की अवधारणा प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय एवं महाअभियान के तहत अर्जित अनुभव एवं सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों तथा समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत देश के 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक जनजातीय व्यक्ति लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बीकानेर जिले के चार गांवों को सम्मिलित किया गया है।

इनमें पंचायत समिति खाजूवाला के 5 केवाईडी, कोलायत के गिरिराजसर, पैथरों की ढाणी, गंगापुरा को शामिल किया गया है। अभियान के तहत इन ग्राम पंचायतों के पात्र परिवारों के लिए पक्के मकान बनाना, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को विकसित करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास उद्यमिता सर्वधन एवं आजीविका के अवसरों का उन्नयन, स्वरोजगार उपलब्ध करवाना सम्मिलित है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

शुद्धि पत्र-I

मेटेरियल सप्लाई का विवरण: Track Guide for BWTB type wagon as per RDSO Drg. No.- WD-00009-S-73. शुद्धि पत्र सं. 1 द्वारा निविदा संख्या 34245415 निम्नलिखित संशोधन किए जाते है। **Item:** निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय **पूर्व प्रकाशित:** निविदा बंद होने की तारीख 11.11.2024 को 14.25 बजे तक **संशोधित:** निविदा बंद होने की तारीख 29.11.2024 को 14.25 बजे तक. शुद्धि पत्र उ.प.रे. की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। **नोट:** अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

वरि. मंडल सामग्री प्रबन्धक
1317-DK/24 **उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर**